विवेचना की गई। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने चिटफण्ड के प्रकरणों में फरार आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार करने पुलिस टीम को लगाया था। थाना सूरजपुर पुलिस के द्वारा मामले की विवेचना के दौरान जानकारी मिली कि मामले से जुड़े पीएसीएल कंपनी के डायरेक्टर जिला जेल कवर्धा में है जिसके बाद पुलिस टीम ने विधिवत् माननीय न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट के आधार पर कंपनी के डायरेक्टर आरोपी गुरजंट सिंह गिल उर्फ गुरजन सिंह पिता स्व. तेजा सिंह गिल उम्र 82 वर्ष

धोखाधड़ी करते हुए सूरजपुर जिले के निवेशकों से करोड़ों रूपये की धोखाधड़ी किये है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एसआई लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, एएसआई संजय सिंह व आरक्षक जयप्रकाश सिंह सक्रिय रहे। पुलिस ने इससे पहले कंपनी के 6 अन्य डायरेक्टरों - निर्मल सिंह भंगू, त्रिलोचन सिंह, सुखदेव सिंह और जोगेन्दर टाईगर, गुरमीत सिंह व सुब्रत भट्टाचार्य को गिरफ्तार कर चुकी है। इस तरह अब तक इस मामले में कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

किया है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने अपने बस्तर प्रवास के दौरान 6 जून को राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर केशलूर-जगदलपुर मार्ग में किरंदुल-विशाखापट्टनम रेलवे लाइन के ऊपर बन रहे फोरलेन रेलवे ओवरब्रिज का निरीक्षण किया था। उन्होंने निरीक्षण के दौरान काम के पिछड़ने एवं लेट-लतीफी पर ठेकेदार और अधिकारियों को फटकार लगाई थी। उन्होंने अनुबंध के अनुसार कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर गहरी नाराजगी जताते हुए ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए थे। बस्तर जिले में केशलूर के पास 69 करोड़ 36 लाख रुपए की लागत से इस रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग के राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता ने निर्माण एजेंसी मेसर्स अशोक कुमार मित्तल को जारी नोटिस में कहा है कि साइट उपलब्ध होने के बावजूद मैन-पॉवर, मटेरियल और मशीनरी की

और तय किए गए माइलस्टोन्स (महत्वपूर्ण पड़ावों) के अनुरूप नहीं है। विभाग द्वारा प्रगति की लगातार समीक्षा कर कार्यों में तेजी लाने के लिए बार-बार निर्देशित और नोटिस जारी करने के बावजूद काम की गति असंतोषजनक है।

विभाग ने ठेकेदार को जारी नोटिस में कहा है कि उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री द्वारा विगत 6 जून को साइट के निरीक्षण के दौरान काम की बेहद धीमी प्रगति पर गंभीर चिंता जताई गई थी। उन्होंने अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार ठेकेदार के विरूद्ध तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्य अभियंता ने ठेकेदार को नोटिस जारी कर तुरंत पर्याप्त मैन-पॉवर, मशीनरी, सामग्री और अन्य जरूरी संसाधन जुटाकर काम में तेजी लाने तथा प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने के लिए तय लक्ष्यों को हासिल करने सभी जरूरी उपाय करने के निर्देश दिए हैं।

...वाड़े की पहल से बृजेश्वर सागर जलाशय ...करण हेतु 4.94 करोड़ रुपए स्वीकृत

तथा किसानों को बेहतर कृषि सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जल संसाधन विभाग द्वारा स्वीकृत इस कार्य के पूर्ण होने पर 464 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा। इससे किसानों को समय पर सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगा, कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी तथा क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सिंचाई संसाधनों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। बृजेश्वर सागर जलाशय के नवीनीकरण से भैयाथान क्षेत्र के किसानों को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा और खेती अधिक लाभकारी बन सकेगी। योजना के क्रियान्वयन के लिए मुख्य अभियंता, हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग, अम्बिकापुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। यह परियोजना क्षेत्र में जल संरक्षण एवं कृषि विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

छत्तीसगढ़ वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में आईटीआई कोनी के कैडेटों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

बिलासपुर। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोनी में आयोजित 7 वीं छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी बिलासपुर के दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) कोनी, बिलासपुर के एनसीसी कैडेटों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का गौरव बढ़ाया।

...निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)
...र्ट निविदा सूचना

दिनांक 04.06.2026

...म बेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण ...मांत्रित की जाती है:-

	अनुमानित लागत (रू.लाख में)	निविदा डालने की (अंतिम तिथि)
...एसईबी ...एवं ...द)	10.00	25.06.2026 (T.No.192458)
...मांग ...माण ...होय	10.00	25.06.2026 (T.No.192457)

...की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल ...लोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट ...जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा
(छत्तीसगढ़)

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा, अम्बिकापुर (छ.ग.) — **Central Bank of India** Main Branch, Ambikapur (C.G.)

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में बंधक रखी गई
अचल/चल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना:

आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी(ओं) एवं जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जो सुरक्षित ...सेन्ट्रल बैंक ऑ... इंडिया'' के पास बंधक रखी गई है, जिसका भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा (संपत्ति के सामने विशेष रूप से उल्लिखित) सुरक्षित ऋणदा... लिया गया है, नीलामी के लिए रखी जाएगी तथा इसे नीचे उल्लिखित **''जहां है जैसा है'', ''जो है जैसा है'' तथा ''जो कुछ भी है''** ऋणी(ओं) एवं जमानतदार(ओं) से सुरक्षित ऋणदाता सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया को देय राशि की वसूली की जा सके। संबंधित सम्पत्ति... राशि नीचे उल्लिखित है।

क्र.	उधारकर्ता(ओं)/ शाखा का नाम	संपत्ति / सुरक्षित संपत्ति का विवरण और संपत्ति के मालिक	मांग सूचना की तिथि / बकाया राशि / कब्जा सूचना की तिथि	आरक्षित मूल्य / धरोहर जमा राशि / बोली वृद्धि राशि	शाखा नाम/ सम्पर्क व्यक्ति एवं सम्पर्क नंबर
1.	**मेसर्स अमर ट्रक (मालिक- श्री अनिल कुमार वर्मा) पुत्र श्री राधे श्याम वर्मा,** ग्राम- हर्राटोला, वार्ड नं. 7, राजेंद्र प्रसाद वार्ड, प.ह.नं. 10 आर. एम. एम. बैकुंठपुर, तहसील- बैकुंठपुर, जिला- कोरिया, छत्तीसगढ़।	**श्री अनिल कुमार वर्मा** के नाम पर खसरा नं. **26/2** (कुल क्षेत्रफल **0.0240** हेक्टेयर), ग्राम- हर्राटोला, वार्ड नं. 7, राजेंद्र प्रसाद वार्ड, प.ह.नं. 10 (हर्राटोला), आरएनएम- बैकुंठपुर, तहसील- बैकुंठपुर, जिला-कोरिया, छत्तीसगढ़ में स्थित खुली भूमि।	03/10/2024 ₹ 8,39,045.29 + उस पर ब्याज व अन्य व्यय 04/01/2025	₹ 9,29,000 ₹ 92,900 ₹ 25,000	Baikunthpur Mr. Sanjay Singh Mob: 9049510013

निरीक्षण की तिथि एवं समय	ईएमडी राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
26/06/2026 दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे के बीच	29/06/2026, शुक्रवार 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे के बीच	29/06/2026 शुक्रवार 10:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक

ई-नीलामी ''जैसी है जहां है'', ''जैसी है जो है'' और ''जो कुछ है आधार'' पर आयोजित की जा रही है।

1. प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और सूचना के अनुसार, संपत्ति पर कोई भार नहीं है हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले ऋणभार, नीलामी में रखी गई संपत्ति के शीर्षक और दावों/अधिकारों/बकाया/संपत्ति को प्रभावित करने के संबंध में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए।
2. बोलीदाताओं को निम्नलिखित औपचारिकताएं पहले ही पूरी करनी होंगी: **चरण 1-** बोलीदाता/क्रेता पंजीकरण: बोलीदाता को अपने मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी का उपयोग करके ई-नीलामी पोर्टल **https://www.baanknet.com** पर पंजीकरण करना होगा। **चरण 2-** केवाईसी सत्यापन: बोलीदाता को अपेक्षित केवाईसी दस्तावेज अपलोड करने होंगे। केवाईसी दस्तावेजों को ई-नीलामी सेवा प्रदाता द्वारा सत्यापित किया जाएगा (इसमें दो कार्य दिवस लग सकते हैं)। **चरण 3-** ईएमडी राशि का उसके ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में स्थानांतरण: ई-नीलामी पोर्टल पर उपलब्ध चालान का उपयोग करके एनईएफटी / ट्रांसफर का उपयोग करके फंड का ऑनलाइन /ऑफ-लाइन हस्तांतरण। **चरण 1** से **चरण 3** बोलीदाता द्वारा ई-नीलामी तिथि से पहले काफी पहले ही पूरा कर लिया जाना चाहिए। पते के प्रमाण की प्रति, जिसके बिना बोली अस्वीकृत की जा सकती है।
3. ई-नीलामी के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया अपनी बोलियां जमा करने और इसमें भाग लेने से पहले **https://www.baanknet.com** और सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी **www.centralbankofindia.co.in** देखें। ई-नीलामी।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री

उधारकर्ता(ओं)/गारंटरों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे ई-नीलामी की तारीख से पहले अदत्तवान ब्याज और सहायक खर्चों के साथ ऊपर उल्लिखित राशि का भुगतान करें, ऐसा न करने पर संपत्ति की ई-नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत की वसूली की जाएगी।

दिनांक : 12.06.2026 **स्थान: अम्बिकापुर (छ.ग.)** **प्राधिकृत अधिकारी / सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया**

...अपील में जाकर लाएंगे मान्यता

...कर सकी, जबकि वर्तमान सरकार एक साथ पांच मेडिकल कॉलेज शुरू करने की दिशा में काम कर रही है।

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव पर निशाना साधते हुए जायसवाल ने कहा कि दूसरों पर सवाल उठाने से पहले कांग्रेस नेताओं को अपने कार्यकाल की उपलब्धियों पर नजर डालनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार निवेश कर रही है और दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

दवाओं में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह कांग्रेस की पुरानी सोच का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती शासनकाल से जुड़े कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच एजेंसियों को सौंपी है और संदिग्ध भुगतानों पर रोक लगाने जैसी कार्रवाई भी की है।

जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मेडिकल कॉलेजों के लिए शिक्षकों की नियुक्तियां की जा चुकी हैं तथा अन्य आवश्यक स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया जारी है। सरकार का लक्ष्य सभी मापदंडों को पूरा कर प्रदेश के पांचों नए मेडिकल कॉलेजों को जल्द शुरू करना है।

उन्होंने दोहराया कि एनएमसी की आपत्तियां प्रक्रिया का हिस्सा हैं और राज्य सरकार उनका समाधान कर मान्यता प्राप्त करने के लिए पूरी तरह आश्वस्त है। 'अभी मैच खत्म नहीं हुआ है, हम पूरी तैयारी के साथ मैदान में हैं और मेडिकल कॉलेज शुरू होकर रहेंगे,' मंत्री ने कहा।

देह व्यापार के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

एक महिला समेत तीन गिरफ्तार

लोकसदन >> रायगढ़।

जिला मुख्यालय में बीती रात रायगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम ने देह व्यापार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए महिला दलाल समेत दो ग्राहकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पीटा एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। मामला चक्रधरनगर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ पुलिस को सूचना मिली थी कि छोटे अतरमुड़ा साईं मंगलम रोड स्थित किराये के मकान में महिला गुंजन चौहान के द्वारा अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से युवतियों से देह व्यापार कराया जा रहा है। सूचना के आधार पर बीती रात पुलिस टीम ने एक पाईंटर को ग्राहक बनाकर मौके पर भेजा गया। पाईंटर के द्वारा निर्धारित संकेत मिलने के बाद पुलिस टीम ने तत्काल मकान में दबिश दी।

पुलिस की छापेमारी के दौरान मकान के बाहर दरवाजे के पास बैठी महिला अपना नाम गुजन, 36 साल होना बताया, मकान के एक कमरे में एक महिला एवं एक पुरुष आपत्तिजनक हालत में मिले। पूछताछ में पुरुष ने अपना नाम नेहरू चौहान, उम्र 37 वर्ष बताया। वहीं दूसरे कमरे में दो महिलाओं के साथ एक अन्य पुरुष मीर रविउल, उम्र 34 वर्ष, मिला। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान कुल तीन युवतियों को पकड़ा गया तथा महिला दलाल सहित दो पुरुषों को गिरफ्तार किया गया।

...र कांग्रेस का चक्काजाम

किसान खाद, बीज और डीजल जैसी आवश्यक सुविधाओं के लिए भटकने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं दिखाई दे रही है। यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो कांग्रेस आंदोलन को और व्यापक

एसपी रत्ना ने यातायात व्यवस्था पर दिया विशेष ध्यान

■ **नियम तोड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई**

लोकसदन >> एन.सी.बी.।

मनेंद्रगढ़ शहर में लगातार बढ़ रही यातायात अव्यवस्था को लेकर मनेंद्रगढ़ पुलिस अब पूरी तरह सख्त नजर आ रही है।

बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं गांधी चौक में सड़क किनारे सब्जी ठेला लगाने वाली महिलाओं को भी समझाइश दी गई कि वे निर्धारित सब्जी